**फा.सं. 25-I(08)/2022-एएचडी/एआर**
**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
*****

**मई, 2022 माह के दौरान किए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**

1. **गोपशु और डेयरी विभागः**

   i. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार तथा खाद्य, कृषि और मत्स्यपालन मंत्रालय, किंगडम ऑफ डेनमार्क के बीच 2 मई, 2022 को कोपेनहेगन, डेनमार्क में पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में सहयोग के लिए आशयकी संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए। डेयरी के उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना आशय की संयुक्त घोषणा का एक भाग है।

2. **पशुधन स्वास्थ्यः**

   i. विभाग ने पशुपालन क्षेत्र के संबंध में वर्ष 2022 के अत्यधिक गर्मी के मौसम के लिए प्रारंभिक कार्रवाई करने हेतु राज्यों को परामर्शियां भेजी हैं।

   ii. विभाग ने 2 मई, 2022 को सीडीएसी (सी-डीएसी, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक वैज्ञानिक सोसाइटी) के साथ पशुचिकित्सा औषधि/टीको/बायोलॉजिकल्स के लिए एनओसी की प्रकिया को सुकर बनाने हेतु डीएएचडी के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने के बारे में एक बैठक आयोजित की थी।

   iii. विभाग ने ब्रिक्स देशों के खाद्य खुरक्षा सहयोग पर ब्रिक्स के कृषिमंत्रियों की 12वीं बैठक की संयुक्त घोषणा के लिए टिप्पणियाँ उपलब्ध कराईं, जिनमें सीमापार के पशु रोगों के नियंत्रण संबंधी सहयोग और अन्तर क्षेत्रीय सहयोग और समर्थन का संवर्धन शामिल है।

   iv. विभाग ने पोस्ट-2020 ग्लोबल बायोडाईवर्सिटी फ्रेमवर्क के मूलपाठ पर टिप्पणियाँ उपलब्ध कराईं, जिनमें वन हेल्थ पर विशेष ध्यान देते हुए प्रभावी संचार अद्तन जैव-सुरक्षा और जैव संरक्षा रणनीतियों में क्षेत्र विशेषज्ञों के एक्सपोजरके माध्यम से सीमापार पशु रोगों के नियंत्रण संबंधी सहयोगशामिल है।

   v. विभाग ने व्यापार को सुकर बनाने के लिए भारत से यूरोपीय संघ को निर्यात किए जाने वाले कुक्कुट उत्पादों के संबध में यूरोपीय संघ के अतिरिक्त प्रश्नों पर टिप्पणियां उपलब्ध कराईं।

   vi. विभाग के अधिकारियों ने 10 मई से 12 मई, 2022 के दौरान ओआईई द्वारा आयोजित पीवीएस पाथवेओरिएंटेशन ट्रेनिंग फॉर इंडिया में भाग लिया।

   vii. विभाग ने 13 मई, 2022 को उन्नति वन हेल्थ के लिए पशु स्वास्थ्य प्रणाली सहायता (एएचएसएसओएच) पर परियोजना के संबंध में जानकारी देने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की।

   viii. विभाग ने कैबिनेट-इण्डिया-मारीशसकाम्पिहैंसिव इकोनॉमिक कोआपरेशन एंड पार्टनशिप अग्रीमेंट (सीईसीपीए)-जीइसी और ऑटोमेटिक ट्रिगर सेफगार्ड तंत्र (एटीएसएम) संबंधी मसौदा नोट पर टिप्पणियां संसूचित की हैं, जिसमें पशुधन और पशुधन उत्पादों में व्यापार से संबंधित प्रकिया शामिल है।

   ix. विभाग ने पशुचिकित्सा टीकों/बायोलॉजिकल/औषधियों/ का आकलन करने और सिफारिशें/नीतिगतइन्पुट उपलब्ध कराने के लिए 17 मई, 2022 को उप समिति की बैठक आयोजित की।

   x. विभाग ने पशुचिकित्सा औषधियों और टीकों के लिए क्षेत्रीय ट्रायल हेतु दिशानिर्देश तैयार करने के लिए 19.05.2022 को उप समिति की बैठक आयोजित की।

   xi. विभाग ने24-25 मई के दौरान यूरोपीय संघ द्वारा निधियन प्राप्त "वनहेल्थपरिप्रेक्ष्य में एशिया में एंटीमाइक्रोबिअल प्रतिरोध (एएमआर) से निपटनेके लिए सर्वोत्तम प्रणालियों का संवर्धनः अनुसंधान और नवाचार" के संबंध में ऑनलाईन वर्चुअल कार्यशाला के लिए अधिकारियों को नामित किया।

   xii. विभाग ने भारतीय खाद्य और कृषि परिषद द्वारा प्रारंभ की जाने वाली पशु स्वास्थ्य ईयर बुक में प्रकाशित किए जाने के लिए पशु स्वास्थ्य संबंधी लेख प्रस्तुत किए, जिसमें फार्म पशुओं में एसआरएस-सीओवी-2 के

जोखिम पाथवे और जोखिम कम करने संबंधी परामर्शी और दिशानिर्देश तथा पोर्साइन प्रजनन और श्वसन सिंड्रोम (पीआरआरएस) शामिल है।

Xiii.मई, 2022 माह के दौरान लगभग 0.20 करोड़ पशुओं को ईयर टैग किया गया और लगभग 1.32 करोड़ पशुओं का एफएमडी के लिए टीकाकरण किया गया। ब्रूसेला के लिए भी टीकाकरण शुरु किया जा चुका है और अब तक 18.21 लाख पशुओं को टीके लगाए गए हैं।

**3. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) :**
संयुक्त सचिव (एनएलएम) कीअध्यक्षता में वर्चुअलमोड में 30 मई 2022 को राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत चौथी परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी) की बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्यों/केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त उद्यमशिलता संबंधी मामलोंके साथ-साथ आहार और चारा उत्पादनसेसंबंधितप्रस्तावों पर विचार किया गया।

**4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) :**
**(i)**माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (एफएएचडी) की अध्यक्षता में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 16 से 20 मई, 2022 तक ब्राजील का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य भारतीय मूल की नस्लों के दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए ब्राजील द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी का लाभ लेना था ताकि भारतीय किसानों के लिए दूध उत्पादन को और अधिक लाभकारी बनाया जा सके।
दौरे के दौरान माननीय एफएएचडी मंत्री महोदय ने अपने ब्राजीलियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की और भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने खुएज दे फोरा आदि में जेबूएम्ब्रयो (एम्ब्रयो सेंट्रल और जीवाईआर हर्ड), आल्टा जेनिटिस (सीमेन और एम्ब्रयो सेंट्रल) इम्ब्रापा डेयरी गोपशु जैसी ब्राजीलीयाई संस्थाओं का दौरा किया।
**(ii)**भारत और अर्जेंटीना के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर विचार विमर्श करने के लिए संयुक्त सचिव (आईसी/व्यापार) और श्री मारिआनो बेहेरान, भारत में अर्जेन्टीना गणतंत्र के दूतावास मेंकृषि अताशे की अध्यक्षता वालेप्रतिनिधिमंडल के बीच 02.05.2022 को बैठक आयोजित की गई।
**(iii)**माननीय एफएचडी मंत्री के दिनांक 16-20 मई, 2022 के दौरान ब्राजील दौरे के संबंध में उनके यात्रा/दौरा कार्यक्रम पर विचार विमर्श करने और अंतिम रुप देने के लिए संयुक्त सचिव (जीएनएस) और श्री आंखेलो दे केरिओज मॉरिसिओ, भारत में ब्राजील के दूतावास में कृषि अताशे के बीच दिनांक 12-05-2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच द्वपक्षीय सहयोग/व्यापार मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

**5. बजट**
वर्ष 2022-23 के लिए मई, 2022 तक, 4288.84 करोड़ रुपए के बजट अनुमान की तुलना में, 144.74 करोड़ रुपए व्यय हुए। मई 2022 माह के दौरान पशुपालन और डेयरी विभाग का व्यय 66.47 करोंड. रुपए था।

**6. सोशल मीडिया कार्यकलापः**
माह के दौरान, विभाग के टिवटर पेज को 68,624 फालोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत, 162 रचनात्मक पोस्ट किए गये, 196 ट्वीट और 1310 पुनः ट्वीट किए गये, 3 वीडियो और जीआईएफ बनाये गये। विभाग के फेसबुक पेज पर 1,28,362 फालोवर्स हैं। विभाग के कू अकाउंट पर 45,200 फालोवर्स हैं। मई, 2022 के अंत तक लिंक्डइन पर 747 फालोवर्स और इंस्टाग्राम पर 574 फालोवर्स है।

*******